Estd. 1960

Mob. : 9473378269, 9570844366

GARHI MAHANTH RAMESHWAR DAS COLLEGE, MOHANPUR

(G.M.R.D. COLLEGE, MOHANPUR)

Via-Baghra, Dist.-Samastipur (Bihar), Pin Code - 848506

Web :- gmrdcollege.org, Email :- gmrdcollegemohanpur@gmail.com

NACC RE ACCREDITED, A CONSTITUENT UNIT OF L.N.M.U., K.NAGAR, DARBHANGA

Dr. Ghanshyam Roy

Prof.-In-Charge

Letter No. 839/20

Date 07.05.2020

सेवा मे,

प्रखण्ड विकास पदाधिकारी

मोहनपुर, समस्तीपुर

विषयः महाविद्यालय के सभी वर्ग कक्ष एवं छात्रावास का ताला खुलवाने के संबंध मे।

प्रसंगः अंचल कार्यालय, मोहनपुर का पत्रांक–207 दिनांक 27.04.2020

प्रसंगः प्रखण्ड कार्यालय, मोहनपुर का पत्रांक-308 दिनांक 05.05.2020

महाशय,

उपर्युक्त विषय के आलोक मे अवगत कराना है कि कोरोना वायरस की आपदा के निवारण हेतु क्वारंटाइन सेन्टर हेतु छात्रावास के पाँच कमरे तथा व्याख्यान हेतु होने वाले जुबली हॉल को उपलब्ध करवाया जा चुका है जबकि अन्य छोटे–छोटे भवनों में पुस्तकालय, प्रयोगशाला, दूरस्थ शिक्षा निदेशालय तथा कार्यालय से संबंधी आवश्यक गोपनीय दस्तावेज है, जिसे खाली नही करवाया जा सकता है। ज्ञातव्य है कि महाविद्यालय के पास वर्तमान में वर्ग कक्ष की सुविधा नहीं है तथा वर्ग संचालन छात्रावास के कमरे में ही की जाती है। साथ ही महाविद्यालय में पूर्णकालिक सफाई कर्मी की भी नियुक्ति नहीं है, जिसे महाविद्यालय अपने संसाधनो से दैनिक मानदेय के आधार पर सफाई करवाता है।

साथ ही जिला प्रशासन को ध्यान देने योग्य तथ्य है कि यह एक भीषण बाढ़ग्रस्त तथा प्राकृतिक आपदाओं का पिछड़ा इलाका होने के कारण इस क्षेत्र में सरकारी भवनों की भारी कमी है जिस पर अतिशीघ्र कार्य करने की आवश्यकता है तथापि महाविद्यालय सदैव प्रशासन का सहयोग करता रहा है लेकिन वास्तव मे महाविद्यालय के समक्ष आधारभूत संरचना से संबंधित समस्या बनी हुई है। साथ ही यह अपेक्षा की जाती है कि कार्य–निष्पादन के पश्चात् अधिगृहित स्थान की साफ–सफाई सेनेटाइजेशन व महाविद्यालय के सामानों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाये।

भवदीय

GSRoy 07/05/2020

प्रधानाचार्य

Principal
G.M.R.D College, Mohanpur
(Samastipur) 848506

प्रतिलिपि प्रेषितः–

1. जिलाधिकारी, समस्तीपुर
2. अनुमंडलापदाधिकारी, पटोरी
3. अंचलाधिकारी, मोहनपुर

भवदीय

GSRoy 07/05/2020

प्रधानाचार्य

जी0 एम0 आर0 डी, कॉलेज, मोहनपुर

Principal
G.M.R.D College, Mohanpur
(Samastipur) 848506

Scanned with CamScanner

अंचल कार्यालय, मोहनपुर

पत्रांक................../

प्रेषक– अंचलाधिकारी,
मोहनपुर।

सेवा मे,

प्रधानाचार्य,
जी0एम0आर0डी0 कॉलेज,
प्रखंड–मोहनपुर।

मोहनपुर, दिनांक वीं अप्रैल 2020 ई

विषय :– आईसोलेशन/क्वारंटाइन केन्द्र के रूप में जी0एम0आर0डी0 कॉलेज, मोहनपुर को अधिगृहित कर के सबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक के संदर्भ में सादर सूचित करना है कि वैश्विक महामारी कोरोना से बचाव हेतु प्रत्येक प्रखंड में प्रखंडस्तरीय आईसोलेशन/क्वारंटाइन केन्द्र बनाने का निर्देश आपदा विभाग, पटना एवं जिला पदाधिकारी, समस्तीपुर से प्राप्त हुआ है, जिसके आलोक में जी0एम0आर0डी0 कॉलेज, मोहनपुर को प्रखंड स्तरीय आईसोलेशन केन्द्र बनाने हेतु अधिगृहित किया जाता है।

अतः, आपसे अनुरोध है कि कॉलेज के प्रत्येक कमरे को खुलवाते हुए, उसकी साफ–सफाई की समुचित व्यवस्था करवायी जाए ताकि आईसोलेशन/क्वारंटाइन केन्द्र सुचारू रूप से संचालित हो सके।

विश्वासभाजन

27/04/2020

अंचलाधिकारी,
मोहनपुर।

ज्ञापांक.....207.....दिनांक.....27/04/2020.....

प्रति0–ओ0पी0 प्रभारी, मोहनपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
प्रति0–प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, मोहनपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
प्रति0–प्रखंड विकास पदाधिकारी, मोहनपुर को सूचनार्थ प्रेषित।
प्रति0–अनुमंडल पदाधिकारी, मोहनपुर को सादर सूचनार्थ समर्पित।
प्रति0–अपर समाहर्त्ता आपदा प्रबंधन, समस्तीपुर की सेवा में सादर सूचनार्थ समर्पित।
प्रति0–जिला पदाधिकारी, समस्तीपुर को सादर सूचनार्थ समर्पित।

विश्वासभाजन

27/04/2020

अंचलाधिकारी,
मोहनपुर।

Scanned with CamScanner

Scanned with CamScanner

बिहार सरकार

प्रखंड कार्यालय, मोहनपुर

(मोबाईल न0 9431818570)
E-Mail.Id :- bdo.moh-sm-bih@nic.in

पत्रांक 208 /

प्रेषक,

प्रखण्ड विकास पदाधिकारी,
मोहनपुर।

सेवा में

प्रधानाचार्य,
जी0एम0आर0डी0 कॉलेज,
प्रखंड–मोहनपुर।

मोहनपुर, दिनांक 5 वीं मई 2020 ई0

विषयः– सभी वर्ग कक्ष एवं छात्रावास का ताला खुलवाने के संबंध में।
प्रसंगः– अंचल कार्यालय, मोहनपुर का पत्रांक–207 दिनांक–27.04.2020।

महाशय,

उपर्युक्त प्रासंगिक विषय के संबंध में कहना है कि वैश्विक महामारी कोरोना से बचाव हेतु प्रखंड स्तरीय आईसोलेशन/क्वारंटीन केन्द्र बनाने का निदेश आपदा विभाग, पटना एवं जिला पदाधिकारी, समस्तीपुर से प्राप्त हुआ था जिसके आलोक में जी0एम0आर0डी0 कॉलेज, मोहनपुर को प्रखंड स्तरीय आईसोलेशन/क्वारंटीन केन्द्र बनाने हेतु अधिगृहित किया गया था।

अतः आपसे अनुरोध है कि कॉलेज के सभी वर्ग कक्ष एवं छात्रावास का ताला अविलम्ब खुलवाना सुनिश्चत करें ताकि आईसोलेशन/क्वारंटीन केन्द्र सुचारू रूप से संचालित हो सके। आदेश की अवहेलना करने पर आपके विरूद्ध एपिडेमिक डिजिज ऐक्ट–1897 के विभिन्न सुसंगत धाराओं के तहत उच्चाधिकारी को कार्रवाई करने की अनुशंसा की जाएगी।

अंचलाधिकारी,
मोहनपुर।

प्रखंड विकास पदाधिकारी,
मोहनपुर।

Scanned with CamScanner